## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी में अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा कसते हुए कबीर नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वाल्मीकि नगर श्मशान घाट के पास दबिश देकर पुलिस ने एक युवक को रंगे हाथ अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी धीरज तांडी (24) की तलाशी लेने पर उसके पास से 35 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की और 360 की बिक्री रकम बरामद की गई। जब्त सामग्री की कीमत 4560 आंकी गई है। आरोपी पर मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### 91 पौव्वा अवैध देशी शराब जब्त

**रायपुर।** अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना खमतराई क्षेत्र से एक पुराने अपराधी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जागृति नगर खमतराई शंभु दीप मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी रेलवे अंडरब्रिज के पास शराब बेचने की फिराक में है। आरोपी को पास से 91 पौव्वा देशी मदिरा (मसाला) कुल 16.380 बल्क लीटर, कीमत 9100 बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, 15 पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई में 15 दुकानों में गंदगी, सिंगल यूज प्लास्टिक और डस्टबिन की अनुपस्थिति पाए जाने पर कुल 6000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानदार खुलेआम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए गए। वहीं अधिकांश दुकानों में गंदगी का अंबार और कचरा रखने के लिए डस्टबिन तक उपलब्ध नहीं था। निगम को क्षेत्रवासियों द्वारा पॉलीथिन और गंदगी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। डस्टबिन की अनुपस्थिति पाए जाने पर कुल 6000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानदार खुलेआम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए गए।

[ 1 लाख 94 हजार लोगों ने किए हैं ऑर्डर ] नहीं मिला कोई रिप्लाई

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व्यवस्था फेल 87000 वाहनों पर ही लग पाई प्लेट

- टेंडर प्राप्त कंपनियों पर लापरवाही के आरोप
- एक महीने से ज्यादा का करना पड़ रहा इंतजार

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

छत्तीसगढ़ में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, खासकर उन वाहनों के लिए जो 1 अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर किए गए हैं। लेकिन राजधानी सहित पूरे राज्य में एचएसआरपी की प्रक्रिया अव्यवस्था के कारण चरमरा गई है। वहीं वाहन मालिकों की सुनवाई कही नहीं हो रही है, जिससे लोग परेशान हो रहे है।

**13 लाख वाहनों में यह प्लेट लगनी है:** परिवहन विभाग ने एचएसआरपी लगाने के लिए मेसर्स रियल मेजॉन इंडिया लिमिटेड और रोसमर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को टेंडर दिया है। रायपुर में करीब 13 लाख वाहनों में यह प्लेट लगनी है, लेकिन अब तक महज 87 हजार वाहनों पर ही एचएसआरपी लग पाई है। वहीं 1 लाख 94 हजार लोगों ने ऑर्डर जरूर किए हैं, लेकिन अधिकांश को प्लेट मिलने में भारी देरी हो रही है।




#### कार के बदले भेज रहे ट्रैक्टर का नंबर

कई मामलों में आरसी और आधार कार्ड में नाम न मिलने से एचएसआरपी ऑर्डर खारिज कर दिए जा रहे हैं। वहीं कुछ वाहन चालकों ने शिकायत की कि उन्हें कार के लिए ट्रैक्टर की नंबर प्लेट भेज दी गई।

#### टूटी प्लेट, नहीं हो रहा रिप्लेस

कुछ वाहन मालिकों ने आरोप लगाया कि उन्हें मिली महज दो हफ्ते में टूट गई, लेकिन रिप्लेसमेंट के लिए कोई तय प्रक्रिया या सेंटर उपलब्ध नहीं है। इससे लोग गाड़ी लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

#### शिकायतें बढ़ीं, सुविधा ठप

एचएसआरपी के लिए ऑर्डर देने के बाद कई वाहन मालिक 1 से डेढ़ महीने तक इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें प्लेट नहीं मिल रही। कुछ मामलों में ऑर्डर पूरा होने के बाद भी बिना सूचना के रद्द कर दिया गया।

#### परिवहन विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

लगातार बढ़ती शिकायतों को देखते हुए एचएसआरपी से जुड़ी समस्याओं के लिए विशेष मोबाइल हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें शिकायतकर्ता शिकायत दर्ज कर सकते है।

**-डी. रविशंकर,** अपर आयुक्त परिवहन विभाग

शाला प्रवेश उत्सव से लोगों में आएगी जागरुकता

# ईडी की कार्रवाई साक्ष्य व तथ्यों के आधार पर हुई, जांच के बाद संपत्ति अटैच की: अरूण साव

- प्रशासन नोटिस के बाद अतिक्रमण हटाने की नियमानुसार कार्रवाई करता है

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कोंटा में ईडी की कार्यवाही पर कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस के सरकार ने क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का शराब घोटाला किया। इस मामले में ईडी जांच कर रही है। जांच में साक्ष्य और तथ्य पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले से संबंधित जितनी प्रापर्टी जांच में सामने आ रही है, ईडी उसे अटैच कर रही है। कांग्रेस के आरोप पर श्री साव ने कहा कि हर कार्यवाही के बाद कांग्रेस अनर्गल बातें करती है, वास्तविकता यही है कि कांग्रेस कार्यकाल में करोड़ों रुपए का शराब घोटाला हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने रायगढ़ और अंबिकापुर में बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होने पर प्रशासन नियमानुसार नोटिस देकर अवसर देती है, इसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटता तो प्रशासन के पास कार्रवाई के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। यह अंतिम विकल्प है। श्री साव ने शाला प्रवेश उत्सव पर कहा कि साय सरकार शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। फिलहाल युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ किया है। इससे ड्रॉप आउट कम करने का प्रयास किया जा रहा है। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से जन जागरूकता शुरू किया है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बालक स्कूल आकर पढ़ाई करें, कोई शिक्षा के अधिकार से वंचित ना रहे।

#### किसी भी माफिया को पनपने नहीं दिया जाएगा

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसी भी माफिया को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार आदिवासी समाज के हित में काम हो रहा है। हमारी सरकार ने 2 करोड़ 75 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है।

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन



**रायपुर।** सुकमा स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय राजीव भवन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अटैच किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस का आरोप है कि ईडी भाजपा के इशारों पर काम कर रही है और एक स्वतंत्र संस्था के बजाय अब सत्तारूढ़ दल का राजनीतिक हथियार बन चुकी है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है और कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। सुकमा कांग्रेस कार्यालय की जमीन व भवन निर्माण से जुड़ी संपूर्ण जानकारी ईडी को पहले ही सौंपी जा चुकी है, इसके बावजूद इसे अटैच करना एक सोची-समझी साजिश है।

मैट्स यूनिवर्सिटी में 'एनजीओ मीट 2025' का समापन

## अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचना ही हमारी सच्ची सफलता है : डॉ. वर्णिका शर्मा

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in



मैट्स यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला एनजीओ मीट का समापन समारोह प्रेरणादायी विचारों और समाज सेवा की भावना से परिपूर्ण रहा। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव ने अपने संबोधन में कहा, सेवा करना मानव जीवन का परम उद्देश्य है। सेवा का मतलब है निस्वार्थ भावना से कार्य करना, बिना किसी लोभ के। उन्होंने उपस्थित सभी सामाजिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे सेवा को ही अपने जीवन का मार्ग बनाएं और कार्य में कभी भी अहंकार न आने दें। इस अवसर पर समाज सेवा में सराहनीय कार्य करने वाले संगठनों को सम्मानित भी किया गया। विशेष अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग ने युवाओं को समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचना ही हमारी सच्ची सफलता है।मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को केवल शिक्षा देने वाला केंद्र न मानकर, समाज में बदलाव लाने वाली संस्था भी बनना चाहिए। उन्होंने सेवा-आधारित शिक्षा को ही सार्थक बताया।

## वाहन चालक-मालिक संघ की मासिक बैठक में विमान हादसे पर जताया शोक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वाहन चालक-मालिक सामाजिक संघ ने रायपुर के वृंदावन हॉल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जो शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

बैठक में बड़ी संख्या में वाहन मालिकों और चालकों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत हाल ही में अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन प्रार्थना के साथ की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों और उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रोशन राव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुर्घटना पूरे देश के लिए एक गहरा सदमा है।

ऐसे समय में हम सभी को एकजुट होकर शोक संतप्त परिवारों का संबल बनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संघ न केवल अपने सदस्यों के अधिकारों और हितों के लिए कार्य करता है, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी उतनी ही गंभीरता से लेता है। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और सामाजिक दायित्वों को लेकर भी चर्चा की गई।

## राजधानी में स्वच्छता सिर्फ दिखावा शास्त्री बाजार बना कचरे का अड्डा



स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

राजधानी में स्वच्छता अभियान सिर्फ दीवारों तक सिमटकर रह गया है। नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर दीवारों पर स्वच्छता का संदेश देने और स्वच्छता दीदियों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का प्रयास जरूर किया गया, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। रायपुर की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगा हुआ हैं । स्वच्छता अभियान अब महज औपचारिकता बनकर रह गया है।

**कचरे को चौड़ियों के नीचे फेंक रहे:** शास्त्री सब्जी बाजार की हालत सबसे ज्यादा खराब है। बाजार खत्म होने के बाद दुकानदार खुलेआम बची हुई सड़ी-गली सब्जियों और कचरे को चौड़ियों के नीचे फेंक रहे हैं। इससे न केवल पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है, बल्कि पैदल चलने वालों को भी रास्ता पार करने में भारी परेशानी हो रही है। दुर्गंध के चलते ग्राहक भी बाजार में खरीदारी करने से बचने लगे हैं।

## सावरकर सम्मान यात्रा का रायपुर में स्वागत

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान सावरकर सम्मान यात्रा का शनिवार देर रात रायपुर के रावाभाठा क्षेत्र में आगमन हुआ। यह यात्रा स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी चिंतक, राष्ट्रभक्त और हिंदुत्व के प्रणेता वीर विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर शुरू की गई है।यह ऐतिहासिक यात्रा 28 मई को सावरकर जी की जयंती पर उनके जन्मस्थान ग्राम भगुर, जिला नासिक (महाराष्ट्र) से आरंभ हुई थी और अब तक महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंची है। यात्रा का नेतृत्व अभिनव भारत पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चेतन शर्मा कर रहे हैं। अब तक यह अभियान लगभग 12,000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है और 150 जिलों में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। सोमवार 16 जून को प्रतिनिधिमंडल रायपुर जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें सावरकर जी को भारत रत्न देने की मांग को पुनः दोहराया जाएगा।

## चिरंजीवी अभियान की लाभार्थी महिलाओं के लिए महाराष्ट्र मंडल में चलाया प्रशिक्षण सत्र

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने चिरंजीवी अभियान की लाभार्थी महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के दौरान अस्मिता ने प्रतिभागियों को घर में अनुपयोगी पड़ी सामग्रियों का रचनात्मक उपयोग करते हुए सजावटी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं तैयार करना सिखाया। इसमें महिलाओं ने आसानी से और खूबसूरती से कारपेट रंगोली और फ्लावर रंगोली बनाना सीखा। उन्हें विभिन्न डिजाइनों और तकनीकों का उपयोग करते हुए रंगोली बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने फूलों की रंगोली, पंखुड़ियों की रंगोली, गुलाल की रंगोली, सुपारी रंगोली, मास्क्यूटो क्वाइल के उपयोग वाली आकर्षक रंगोली सीखी, जो व्यावहारिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करती है।

## सांसद बृजमोहन के निवास पहुंची साध्वी प्रज्ञा, परिवार को दी सांत्वना

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर रायपुर स्थित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचीं। उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल के पूज्य पिताजी के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान साध्वी प्रज्ञा ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना और स्नेह व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति की कामना की।

पेज 3 का शेष

### सीआरपीएफ...

और 250-300 अज्ञात सशस्त्र कैडरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में एनआईए की जांच में आरोपी नक्सली लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रचने के दोषी पाए गए हैं। चार्जशीट के अनुसार आरोपियों ने हमले के लिए युवाओं की भर्ती की। उनके पास प्रतिबंधित हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री थी।

### [ कैट ने दी श्रद्धांजलि ]




कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) ने अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत यात्रियों के आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। सभा में कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, युवा कैट, महिला कैट व ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कमजोर बच्चों पर शुरू से हो फोकस : अजय मधुकर काले

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

पिछली कक्षा के बच्चों की विषयवार विस्तृत जानकारी हमारे पास है। कौन सा बच्चा किस विषय में कमजोर है और किसमें असहज भी। फिर क्यों न हम नए शिक्षा सत्र के शुरू से ही ऐसे बच्चों की पहचान कर उन पर फोकस करें, तो निश्चित ही हमारे स्कूल के परीक्षा परिणाम और भी बेहतर होंगे। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) टीचर्स डेवलपमेंट वर्कशॉप के समापन पर इस आशय के विचार व्यक्त किए। उनसे पहले सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने शिक्षकों से सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी, फोटो और विडियो शेयर करने के मामले में अत्यधिक सावधानी बरतने कहा, ताकि भविष्य में भयावह दुष्परिणाम भुगतने की स्थिति ही न बने।

# सफलता संसाधनों से नहीं, परिश्रम व समर्पण से मिलती है : विजय शर्मा

स्वदेश समाचार ■ रायपुर
Swadeshnews.in

राजधानी में शनिवार को राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन 'समर्थ' का भव्य शुभारंभ हुआ। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर से आए 2000 से अधिक सीए छात्रों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उद्घाटन करते हुए न केवल छात्रों को प्रेरित किया, बल्कि छत्तीसगढ़ में फिनटेक सिटी की स्थापना का भी आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सफलता संसाधनों से नहीं, परिश्रम और समर्पण से मिलती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे कठोर परिश्रम कर एक दिन देश के श्रेष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बनें।

**भारतीय सीए की वैश्विक पहचान बने हुए:** उन्होंने यह भी साझा किया कि वे जिस जेल का मंत्री बनने के बाद निरीक्षण कर रहे थे, कभी वे स्वयं वहां बंद थे, यह उनकी प्रेरणादायी यात्रा की मिसाल है। कार्यक्रम के निदेशक सीए पंकज शाह ने फिनटेक सिटी की मांग को दोहराते हुए सीए वैभव तनेजा का उल्लेख किया, जो आज टेस्ला में लीडरशिप भूमिका में हैं और 1200 करोड़ रुपए की वार्षिक आय के साथ भारतीय सीए की वैश्विक पहचान बने हुए हैं।


**GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar, Apni Pehchan.**

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

पंजीकृत कार्यालय: 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिट: पहली मंजिल, इंदिरा टावर, विनोबा नगर, व्यापार विहार, बिलासपुर (सीजी), छत्तीसगढ़ -495001

**ई-नीलामी-बिक्री सूचना**
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, अब पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है, जो 17 नवंबर 2023 से प्रभावी है (जिसे पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित है) (जिसे अधिनियम के अनुसार सुरक्षित लेनदार कहा जाएगा), को बंधक रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिसका कब्जा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियां 02/07/2025 को ई-नीलामी के माध्यम से "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएंगी। आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL's/ सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| स. क्र. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (अ) | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि (ब) | कब्जे की प्रकृति (स) | संपत्ति का विवरण (द) | आरक्षित मूल्य (इ) | EMD (RP का 10%) (फ) | EMD जमा करने की तिथि (ग) | वृद्धिशील बोली (ह) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय (ई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामले यदि कोई हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या HL0102H13100046 प्रताप चन्द सराफ (उधारकर्ता) प्रीति सराफ (सह-उधारकर्ता) राजीव कुमार सराफ (सह उधारकर्ता) एम एस प्रताप इलेक्ट्रॉनिक्स (सह उधारकर्ता) | नोटिस दिनांक: 22/09/2022 कुल बकाया: रु. 6394764.27 (रुपये तिरसठ लाख चौरानवे हजार सात सौ चौसठ और सत्ताईस पैसे मात्र) 22/09/2022 तक देय, साथ ही वसूली तक 14.80% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी। | भौतिक | नजूल भूमि की बंधक संपत्ति, राजस्व नजूल शीट क्रमांक 31, प्लॉट क्रमांक 52 क्षेत्रफल 93 वर्ग मीटर-1000 वर्ग फीट मौजा बरपाली (चांपा) में स्थित, पटवारी सर्किल क्रमांक 04, नगर पालिका समिति वार्ड क्रमांक 20 बरपाली, ब्लॉक चांपा, आर.आई. सर्किल और तहसील चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की सीमा के भीतर प्लॉट की सीमाएं, उत्तर- धुमादास का घर, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता का घर, पश्चिम- दरसुदास महंत का घर | रु. 39,93,500/- (रुपये उनतीस लाख तिरानवे हजार पांच सौ मात्र) | रु. 3,99,350/- (रुपये तीन लाख निन्यानवे हजार तीन सौ पचास मात्र) | 30.06.2024 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 25.06.2025 (11 AM-4 PM) | 02.07.2025 (11 AM-2 PM) | शून्य |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की जांच करें और अतिरिक्त शुल्क, ऋणभार और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बकाया और संपत्ति से जुड़े किसी भी अन्य बकाया जैसे सभी वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाया और भुगतान किया जाना चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से लॉगिन आईडी और पासवर्ड पहले ही प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 समर्थन ईमेल आईडी-Support@bankeauctions.com. संपर्क व्यक्ति -धरनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर- 9948182222. कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-नीलामी आय खाता', बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) जमा करनी होगी। खाता क्रमांक-091551000028 और IFSC कोड- ICIC0000915, ICICI बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक में 30/06/2025 को या उससे पहले निकाले गए और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करने, ई-मेल करने और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजने की आवश्यकता होती है: प्रथम तल, इंदिरा टॉवर, विनोबा नगर, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), छत्तीसगढ़-495001 नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएं।

इस नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को दिया गया 15 दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

दिनांक: 15.06.2025 स्थान: छत्तीसगढ़ — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)